**Code No.** **कोड नं.** **32/2/1**

- Please check that this question paper contains 7 printed pages + 2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 27 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 27 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# SOCIAL SCIENCE
# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 Hours* | *Maximum Marks : 100*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

***General Instructions :***

1. *Answers to questions carrying 2 marks should not exceed 30 words each.*
2. *Answers to questions carrying 4 marks should not exceed 60-80 words each.*
3. *Answers to questions carrying 6 marks should not exceed 100-125 words each.*
4. *Maps should be securely tied in the middle of the Answer-Book.*
5. *Attempt all parts of a question together.*
6. *Stencils or templeates for drawing outline maps may be used wherever necessary.*

***सामान्य निर्देश :***

1. *2 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक न हो।*
2. *4 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों से अधिक न हो।*
3. *6 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 से 125 शब्दों से अधिक न हो।*
4. *मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के बीच में मजबूती से बांधिए।*
5. *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर साथ-साथ दीजिए।*
6. *जहाँ कहीं आवश्यक हो स्टैंसिलों अथवा सांचों को रेखा-मानचित्र बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।*

**1.** Describe briefly two main features of Archaeological heritage of India. 2×1=2

भारतीय पुरातत्वीय विरासत की दो मुख्य विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**2.** "Indian heritage is very rich, vast and varied and forms a colourful cultural mosaic." Substantiate this statement with any two examples. 2×1=2

''भारतीय विरासत बहुत समृद्ध, विस्तृत, वैविध्यपूर्ण है जो रंगारंग सांस्कृतिक चित्र प्रस्तुत करती है।'' कोई दो उदाहरण देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**3.** State four characteristics of natural resources. 4×½=2

प्राकृतिक संसाधनों की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**4.** Mention four advantages of forests to man. 4×½=2

मनुष्य के लिए वनों के चार लाभों का उल्लेख कीजिए।

**5.** What is the ore of lead called ? Give three uses of lead. ½+1½=2

सीसा के अयस्क को क्या कहा जाता है ? सीसा के तीन उपयोग दीजिए।

**6.** How has climate made our land more valuable from the agricultural point of view ? Give two points. 2×1=2

जलवायु ने हमारी भूमि को कृषि की दृष्टि से किस प्रकार अधिक उपयोगी बनाया है ? दो बिन्दु दीजिए।


**7.** "There is need to conserve wild life in India." Give two reasons. 2×1=2

''भारत में वन्य जीवन का संरक्षण आवश्यक है।'' दो कारण दीजिए।

**8.** Study the following diagram, showing net area under irrigation by different means (1997-98) and answer the questions that follow : 1+1=2

**INDIA**

**NET AREA UNDER IRRIGATION BY DIFFERENT MEANS (1997-98)**




(8.1) Which is the major source of irrigation in India ?


(8.2) In which parts of India is tank irrigation common ?

निम्नलिखित आरेख में दिखाए गए शुद्ध बोए गए क्षेत्र की सिंचाई में विभिन्न साधनों के योगदान (1997-1998) का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**भारत**

**शुद्ध बोए गए क्षेत्र की सिंचाई में विभिन्न साधनों का योगदान**

**(1997 - 98)**




(8.1) भारत में सिंचाई का प्रमुख साधन कौनसा है ?

(8.2) भारत के कौनसे तालाब से सिंचाई की जाती है ?

***Note :*** *The following question is for the Blind Candidates only in lieu of Q. No. 8.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर है।*

Why is irrigation necessary in India ? Give two reasons. 1+1=2

भारत में सिंचाई की आवश्यकता क्यों है ? दो कारण दीजिए।

**9.** Explain two main reasons for the need of environment-friendly economic growth and two suggestions to achieve them. 2

वातावरण-मैत्री आर्थिक विकास की आवश्यकता के लिए दो मुख्य कारण स्पष्ट कीजिए और उसकी प्राप्ति के लिए सुझाव दीजिए।

**10.** "Indian economy is developing and progressive in nature." Do you agree with this view ? Support your answer with two examples of each. 2

''भारतीय अर्थव्यवस्था प्रकृति में विकासशील और प्रगतिशील है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में प्रत्येक के दो उदाहरण दीजिए।

**11.** What is Globalisation ? Mention two main shortcomings of Globalisation in the context of India. 2

वैश्वीकरण क्या है ? भारत के संदर्भ में वैश्वीकरण की दो मुख्य कमियों का उल्लेख कीजिए।

**12.** Evaluate briefly the main features of India's developmental strategy prior to 1991. 2

1991 से पूर्व भारत की विकासात्मक कार्यनीति की मुख्य विशेषताओं का संक्षेप में मूल्यांकन कीजिए।

**13.** "The problem of population growth and underemployment have a direct relationship." Explain this statement briefly. 2

''जनसंख्या में वृद्धि की समस्या और अल्परोज़गार में प्रत्यक्ष सम्बन्ध है।'' इस कथन को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

**14.** Describe the main features of Indian festivals and their importance in promoting national integration in India. 4

भारतीय त्योहारों की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए तथा भारत में राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ाने में इनका महत्त्व बताइए।

**15.** Mention two names of the writers with their works of historical importance in Persian language each from the Sultanate and Mughal period. 4

**OR**

Write the names of any four Muslim writers who wrote in Hindi language during the Medieval period.

सल्तनत काल और मुग़ल काल में फारसी भाषा में लिखी गई दो-दो ऐतिहासिक महत्त्व की पुस्तकों के नामों का उनके लेखकों सहित उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

कोई से चार मुस्लिम लेखकों के नाम लिखिए जिन्होंने मध्यकाल में हिन्दी भाषा में लिखा था।

**16.** Explain any four methods of conservation of our mineral wealth. 4×1=4

अपनी खनिज सम्पदा के संरक्षण के लिए किन्हीं चार विधियों को स्पष्ट कीजिए।

**17.** Explain how India has been playing a significant role in promoting world peace through the United Nations. 4

भारत ने संयुक्त राष्ट्र-संघ के माध्यम से विश्व-शांति को बढ़ाने के लिए किस प्रकार महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है ? स्पष्ट कीजिए।

**18.** State any four programmes of Poverty Alleviation started by the Government of India. 4

भारत सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन के लिए आरम्भ किए गए किन्हीं चार कार्यक्रमों को बताइए।

**19.** Describe the salient features of the Consumer Protection Act of 1986. How did it enhance the powers of the redressal machinery in India ? 4

1986 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। भारत में इस अधिनियम ने शिकायतों को दूर करने वाली संस्थाओं के अधिकारों में कैसे वृद्धि की है ?

**20.** Why has conservation and protection of historical monuments become a complex problem ? Explain three reasons for it and suggest ways to solve this complex problem. 6

ऐतिहासिक स्मारकों का संरक्षण और सुरक्षा एक जटिल समस्या क्यों हो गई है ? इसके तीन कारण स्पष्ट कीजिए और इस जटिल समस्या के समाधान के लिए सुझाव दीजिए।

**21.** What are the two most important beverage crops in India ? State the favourable conditions for their growth. Mention two major producing states of each crop. 1+3+2=6

भारत की दो सबसे प्रमुख पेय फसलें कौनसी है ? इन फसलों की उपज के लिए अनुकूल दशाएँ बताइए। प्रत्येक फसल के दो प्रमुख उत्पादक राज्यों का नामोल्लेख कीजिए।

**22.** What is the importance of sugar industry ? Why does sugar industry show the tendency to migrate towards the southern states of India ? Give four reasons. 2+4=6

**OR**

How has chemical industry gained an important position in the Indian economy ? Explain any six points in this regard. 6×1=6

चीनी उद्योग का क्या महत्त्व है ? भारत में चीनी उद्योग के प्रवसन की प्रवृत्ति दक्षिणी राज्यों की ओर क्यों दिखाई पड़ती है ? चार कारण दीजिए।

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था में रसायन उद्योग ने किस प्रकार महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया है ? इस संदर्भ में किन्हीं छः बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए।

**23.** Why are means of transport and communication essential requirements of human life ? Explain three points of each. 3+3=6

परिवहन और संचार के साधन मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकताएँ क्यों हैं ? प्रत्येक के तीन बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए।

**24.** Explain the causes of unemployment in India and suggest measures to reduce unemployment in India. 6

**OR**

Examine the role of 'skill development' in reducing educated unemployment in India. State two measures taken by the government in this regard.

भारत में बेरोज़गारी के कारणों को स्पष्ट कीजिए और भारत में बेरोज़गारी को कम करने के लिए सुझाव दीजिए।

**अथवा**

भारत में शिक्षित बेरोज़गारों की संख्या को कम करने में 'कौशल विकास' की भूमिका की समीक्षा कीजिए। इस संदर्भ में सरकार द्वारा इस क्षेत्र में किए गए दो उपाय बताइए।

**25.** Explain the main achievements of the Government of India in the improvement of health status of the people after 1947. 6

**OR**

Explain any four steps taken by the government in the direction of women empowerment.

1947 के पश्चात् भारत सरकार की लोगों का स्वास्थ्य स्तर सुधारने के क्षेत्र में की गई प्रगति की मुख्य उपलब्धियों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं चार प्रयासों को स्पष्ट कीजिए।

**26.** Explain the ill effects of communalism and casteism in India. 6

भारत में साम्प्रदायिकता और जातिवाद के दुष्प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

**27.** (a) On the given outline map of **India** (on page 9), locate and label the two states each having one of the following monuments : 2

(i) Rashtrapati Niwas

(ii) Gol Gumbad

(b) In the given outline political map of **India** (on page 11) are shown three geographical features marked A, B, C. Identify these features and write their names in the space provided. 3×1=3

(c) In the same given outline political map of **India** (on page 11), locate and label the following features and attach the map in your answer book : 3×1=3

(i) Digboi Oil Refinery

(ii) Bhadravati Iron and Steel Plant

(iii) Ennore Port

(क) दिए गए **भारत** के रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9) पर उन दो राज्यों को पहचानकर उनके नाम लिखिए जिनमें निम्नलिखित स्मारकें हैं :

(i) राष्ट्रपति निवास

(ii) गोल गुम्बद

(ख) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11) में तीन भौगोलिक लक्षण क, ख, ग दिखाए गए हैं। इन लक्षणों को पहचानिए तथा दिए गए स्थानों पर उनके नाम लिखिए।

(ग) इसी दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11) में निम्नलिखित लक्षणों की स्थिति दिखाइए और उनके नाम लिखिए तथा इस मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका में संलग्न कीजिए :

(i) डिगबोई तेल परिष्करणशाला

(ii) भद्रावती लोहा और इस्पात संयंत्र

(iii) इन्नौर पत्तन

**Note :** *The following question is for the Blind Candidates only in lieu of Q. No. 27 (a), (b) and (c).*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 27 (क), (ख) और (ग) के स्थान पर है।*

(a) Write down the two states each having one of the following monuments : 2

(i) Rashtrapati Niwas

(ii) Gol Gumbad

(b) (i) Name the Software Technology Park, located in Jammu and Kashmir.

(ii) Name the northernmost thermal power plant of Andhra Pradesh.

(iii) Name the international airport of Goa.

(iv) Name the oil refinery located in Assam.

(v) Name the oldest iron and steel plant of Karnataka.

(vi) Name the newly established major sea-port in Tamil Nadu. 6

(क) दो राज्यों के नाम लिखिए जिनमें निम्नलिखित में से एक-एक स्मारक स्थित है :

(i) राष्ट्रपति निवास

(ii) गोल गुम्बद

(ख) (i) जम्मू और कश्मीर राज्य में स्थित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम बताइए।

(ii) आंध्र प्रदेश के सबसे उत्तरी ताप शक्ति संयंत्र का नाम बताइए।

(iii) गोवा के अन्तर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन का नाम बताइए।


(iv) असम में स्थित तेल परिष्करणशाला का नाम बताइए।

(v) कर्नाटक के सबसे पुराने लोहा और इस्पात संयंत्र का नाम बताइए।

(vi) तमिल नाडु में हाल ही में स्थापित प्रमुख समुद्री-पत्तन का नाम बताइए।

For question no. 27 (a)

प्रश्न सं. 27 (क) के लिए



For question no. 27 (b) and (c) प्रश्न सं. 27 (ख) और (ग) के लिए

